**प्रेस नोट**

**जनपद अम्बेडकरनगर**

**दिनांक-02.05.2025**

**जनपद अम्बेडकरनगर थाना बसखारी पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त सज्जन सिंह पुत्र बांकेलाल को 12 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।**

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार के द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बसखारी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 02.05.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-121/25 धारा-137(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित अपहृता शेजल सोनी पुत्री प्रदीप सोनी निवासी सोनार गली कस्बा बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 14 वर्ष को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर अभियुक्त सज्जन सिंह पुत्र बांकेलाल उम्र 20 वर्ष निवासी कैराती का पूरवा थाना इशानगर जनपद लखीमपुर खीरी की पहचान कर थाना बसखारी पुलिस टीम द्वारा अकबरपुर रोडवेज बस स्टैण्ड पर पहुँचकर अभियुक्त सज्जन सिंह पुत्र बांकेलाल को गिरफ्तार कर अपहृता शेजल सोनी को सकुशल बरामद कर नियमानुसार मेडिकल परीक्षण व धारा 180 व 183 बीएनएसएस के बयान की कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सज्जन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। अभियुक्त सज्जन सिंह का भाई मुन्ना उर्फ मुनऊ यादव भीड़ का फायदा उठाते हुए मौके से भागने में सफल रहा। **बसखारी पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर घटना का सफल अनावरण करते हुए 12 घण्टे अन्दर अपहृता की सकुशल बरामदगी कर सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**-दिनांक 30.04.2025 को वादी मुकदमा प्रदीप कुमार पुत्र बिन्द्रा प्रसाद सोनी निवासी वार्ड नं016 बसखारी थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा सूचना दी गयी कि वादी की 14 वर्षीय पुत्री सेजल सोनी सुबह 07.30 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी वापस घर नहीं आयी। वादी व परिजनों द्वारा काफी तलाश किया गया परन्तु नहीं मिली। सूचना तत्काल पंजीकृत करते हुए अलग-अलग दो टीमों का गठन किया गया तथा घटना स्थल से सभी दिशाओं में सीसीटीवी फूटेज की तलाश करते हुए अभियुक्त सज्जन सिंह पुत्र बांकेलाल उम्र 20 वर्ष निवासी कैराती का पूरवा थाना इशानगर जनपद लखीमपुर खीरी की पहचान की गयी जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-**

01-सज्जन सिंह पुत्र बांकेलाल निवासी कैराती का पूरवा थाना इशानगर जनपद लखीमपुर खीरी उम्र 22 वर्ष

**वाँछित अभियुक्तः-**

**01-**मुन्ना उर्फ मुनऊ पुत्र बांकेलाल निवासी कैराती का पुरवा थाना इशानगर जनपद लखीमपुर खीरी उम्र करीब 32 वर्ष

**विवरण पंजीकृत अभियोग-**

01- मु0अ0सं0-121/25 धारा-137(2) बी0एन0एस0 थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर।

**विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-**

1.प्रभारी निरीक्षक सन्त कुमार सिंह थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर।

2.उ0नि0 विनय कुमार सिंह थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर।

3.म0उ0नि0 वन्दना सरोज थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर।

4.का0 कुशलपाल सिंह थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर।

5.का0 सौरभ यादव थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर।